दिनांक 26.09.2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

टोटल लॉकडाउन में विशेष सफाई अभियान चलाकर गली, मोहल्ला, शहर के सड़कों, प्रमुख चौक चौराहों को किया गया स्वच्छ, अभियान में जुटे सभी जोन के स्वच्छता कर्मी

भिलाई नगर। महापौर व भिलाई नगर विधायक श्री देवेन्द्र यादव , कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे और निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आज सभी जोन के वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया। इस अभियान में रोड की सफाई , रोड की धुलाई, नालियों की सफाई, विभिन्न कार्यालयों में सैनिटाइजिंग , सड़क किनारे पड़े हुए मलबा , सड़कों की धुलाई इत्यादि कार्य किया गया! पूरे जोन क्षेत्र में 1480 कर्मचारी इस अभियान में जुटे रहे, जोन क्रमांक 1 में 400, जोन क्रमांक 2 में 390, जोन क्रमांक 3 में 280 और जोन क्रमांक चार में 410 स्वच्छता कर्मचारी ने इस अभियान को अंजाम दिया! इनके कार्यों की मॉनिटरिंग निगम के अधिकारियों ने की! निगमायुक्त श्री रघुवंशी ने शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली मौजूद रहे! टोटल लॉकडाउन में विशेष अभियान के तहत प्रमुख सड़कों के किनारे, खेल मैदान और शासकीय भवनों के परिसर में बिखरे पड़े पालीथिन , थर्माकोल के कचरे को एकत्र किया गया। रोड किनारे की कंटीली झाडियों की कटाई की गई। जोन- 1 के सफाई कर्मियों की टीम ने नेशनल हाइवे के किनारे और दक्षिण गंगोत्री सर्कस मैदान में बिखरे पड़े पॉलीथिन , थर्माकोल और टायर सहित अन्य कचरे को एकत्र किया। संजय नगर सार्वजनिक शौचालय , दक्षिण गंगोत्री उत्तर गंगोत्री एवं होजियारी मार्केट सुपेला रोड किनारे उग आई झाड़ियों की कटाई की। नालियों की सफाई के साथ डस्टबिन से कचरा खाली किया गया। वार्ड- 4 राधिका नगर में विशेष अभियान चलाकर सड़क , नाली की सफाई कर ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव किया गया! जोन- 2 वैशाली नगर की टीम ने कंप्रेसर मशीन से पानी का छिड़काव कर गौरवपथ और डिवाइडर की सफाई कराई। ओम शांति ओम चौक को पानी से धुलाई किया। नंदनी रोड की झाड़ू से सफाई की गई। वार्ड-13 राजीव नगर की सड़क नालियों की सफाई के साथ सैनिटाइज किया गया। वार्ड- 11 शांति नगर रोड किनारे और वार्ड- 16 स्थित कुरूद स्थित बिजली ऑफिस परिसर की जंगली घास और कंटीली झाडियों की कटाई की गई। वार्ड- 18 के सड़क नालियों की सफाई की। जोन- 3 की टीम ने वार्ड- 21 जेपी नगर, भोला किराना स्टोर्स , कर्मा भवन, मन्नू मोबाइल के सामने, जेपी नगर स्कूल रोड, गुप्ता होटल के पास , महिला सुलभ शौचालय परिसर की सफाई कर खाली जगहों पर बिखरे पड़े कचरे को उठाया। व्यंक्टेशवर टॉकीज के सामने पार्किंग स्थल और रोड किनारे की झाड़ियों की कटाई की। वार्ड-23 तालाब परिसर की सफाई में टीम जुटी हुई है। जोन-4 की टीम ने वार्ड- 29 संजय नगर लाइन , बापू नगर, श्री राम चौक , वार्ड-33 क्रांति मार्केट बस्ती , नेशनल हाइवे के सर्विस रोड , केनाल रोड, शिव मंदिर, वार्ड-36 मुस्लिम बस्ती, लोहार बस्ती, होंडा शो रूम, गौतम नगर चौक, वार्ड-37 नंदनी रोड, वार्ड-35 शासकीय नवीन महाविद्यालय का सफाई किया! जोन की टीम ने वार्ड- 9 कोहका स्थित

प्राथमिक चिकित्सालय, श्री शंकराचार्य कोविड अस्पताल और वार्ड- 29 शासकीय चिकित्सालय को सैनिटाइज किया गया। कलेक्टर श्री भुरे ने सभी नगरीय निकायों को सड़क , नालियों की सफाई के साथ डिवाइडर , चौक-चौराहे, तालाब, मार्केट, मंडी, सावर्जनिक भवनों की सफाई और सैनिटाइज करने कहा है। सड़कों के किनारे डंप बिल्डिंग मटेरियल और मलबा को हटाने के निर्देश दिए हैं। इसी तारतम्य में भिलाई निगम ने टोटल लॉकडाउन में विशेष सफाई अभियान चलाया! संक्रमण से मुक्त रखने व्यापक स्तर पर सैनिटाइजिंग अभियान कोरोना संक्रमण से मुक्त रखने के लिए निगम क्षेत्र में व्यापक सैनिटाइजिंग अभियान चलाया गया! थाना, सार्वजनिक क्षेत्र, व्यवसायिक क्षेत्रों, अस्पतालों, मार्केट एरिया, मकानों, अस्पतालों एवं दुकानों को सैनिटाइज किया गया!